RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 149 • 11:06:2024 • मंगलवार • मूल्य : 5/-

## एनडीए में जश्न से पहले ही खटपट!

- टीडीपी मांग रही स्पीकर का पद, शिंदे के विधायक बीजेपी की दखंलदाजी से नाराज

**मुंबई (एजेंसी)।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में तीसरी बार सरकार बनने के बाद एनडीए में सबकुछ ठीक नहीं होने के संकेत मिल रहे हैं। तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) जहां लोकसभा स्पीकर के पद को लेकर अड़ी हुई हैं तो वहीं दूसरी महाराष्ट्र



में एनडीए यानी महायुति में विवाद की स्थिति सामने आ रही है। सूत्रों की मानें तो शिवसेना के विधायक बीजेपी की दखंलदाजी से नाराज हैं। विधायकों का अंसतोष सामने आने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने विधायकों के साथ बैठक की है। केंद्र में मोदी 3.0 की शपथ के बाद दोनों दलों के रवैए ने एनडीए के रणनीतिकारों को चिंतित कर दिया है। एनडीए के पूर्व की सरकारों में लोकसभ स्पीकर का पद छोटे दल के पास रहा है।

## सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव का ऐलान

- 10 जुलाई को मतदान और 13 को आएंगे नतीजे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल की चार सीटों सहित सात राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर



उपचुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया। उपचुनाव मौजूदा सदस्यों की मृत्यु या इस्तीफे के कारण रिक्त सीटों पर कराए जाएंगे। जिन विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं, उनमें बिहार की रूपौली, पश्चिम बंगाल की रायगंज, रानाघाट दक्षिण, बागदा और मानिकतला, तमिलनाडु की विक्रवंडी,मध्यप्रदेश की अमरवाड़ा, उत्तराखंड की बद्रीनाथ और मंगलौर, पंजाब की जालंधर पश्चिम और हिमाचल प्रदेश की देहरा, हमीरपुर और नालागढ़ शामिल हैं।

## म.प्र., उ.प्र. समेत 5 राज्यों में 5 दिन हीटवेव चलेगी, मुंबई में 2 दिन पहले पहुंचा मानसून

### बिहार में गर्मी से स्टूडेंट्स की तबीयत बिगड़ी

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, गुजरात, बिहार में हीटवेव चल रही है। आज से बिहार के सरकारी स्कूल खुल गए हैं। गर्मी की वजह से फिर से स्कूलों में बच्चों की



तबीयत बिगड़ने लगी। शेखपुरा में 6, छपरा में एक, पटना के बिहटा में एक और बक्सर में एक छात्रा की तबीयत खराब हो गई। बक्सर में स्कूली छात्रा को अस्पताल ले जाया गया। बिहटा में छात्रा की नाक से खून निकलने लगा। इन सभी जिलों में पारा 40 डिग्री के पार है। 9 जून को प्रयागराज 45.9 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा। वहीं टीकमगढ़, गया और रोहतक में भी पारा 44 डिग्री दर्ज किया गया।

### पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल की हुई पहली कैबिनेट मीटिंग, पीएम आवास को लेकर लिया बड़ा फैसला

# देश में 3 करोड़ और घर बनाए जाएंगे



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीसरे कार्यकाल के लिए अपनी कैबिनेट बना ली है। जिसकी पहली बैठक आज यानी कि सोमवार को पीएम के लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर हुई। इस बैठक में अमित शाह, राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा समेत मोदी कैबिनेट के 30 मंत्री मौजूद रहे। मोदी कैबिनेट ने बैठक के दौरान पहला फैसला भी ले लिया गया है। मोदी कैबिनेट ने अपने पहले फैसले में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त आवास बनाने का फैसला लिया गया। इन सभी घरों में सभी बुनियादी सुविधाएं होंगी। बता दें कि 10 साल में 4.21 करोड़ आवास बन चुके हैं।


**सभी बुनियादी सुविधाओं से लैस होंगे ये घर**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रहने वाले 3 करोड़ अतिरिक्त परिवारों को उनके घर बनाने में सहायता देने के निर्णय की घोषणा की है, ताकि अधिक पात्र परिवारों के बीच आवास की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। 2015-16 से भारत सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पात्र परिवारों को आवश्यक सुविधाओं से सुसज्जित घर बनाने में सहायता कर रही है। पिछले एक दशक में, पीएम आवास योजनाओं के तहत वंचित परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर पूरे किए गए हैं। अब मोदी कैबिनेट के पहले फैसले के बाद अब देश में 3 करोड़ घर बनाएंगे जाएंगे इन नवनिर्मित घरों में कई बुनियादी सुविधाएं होगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की शुरुआत में ही बड़े फैसले ले लिए हैं। कैबिनेट मीटिंग से पहले आज पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्ट जारी करने का आदेश दिया था। इस आदेश को लेकर पीएम मोदी ने अधिकारिक एक्स हैंडल ट्वीट किया।

## पीएम मोदी ने कार्यभार संभाला, पीएमओ के अफसरों से बोले- हम और बेहतर कैसे कर सकते हैं

पीएम मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) पहुंचकर कार्यभार संभाला। उन्होंने सबसे पहले किसान सम्मान निधि की फाइल पर साइन किए। पीएमओ पहुंचने पर कर्मचारियों ने मोदी का स्वागत किया।



मोदी ने पीएमओ के अफसरों को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा, जिस टीम ने मुझे 10 साल में इतना कुछ दिया, उसमें हम क्या नया कर सकते हैं, हम और बेहतर कैसे कर सकते हैं, हम और तेज कैसे कर सकते हैं, और बेहतर स्केल पर कैसे कर सकते हैं। इन सबको लेकर अगर हम आगे बढ़ें तो मुझे विश्वास है कि देश के 140 करोड़ लोगों ने हमारे इन प्रयासों पर मुहर लगा दी है। चुनाव मोदी के भाषणों पर मोहर नहीं है, ये चुनाव हर सरकारी कर्मचारी की 10 साल की मेहनत पर मोहर है। इसलिए अगर कोई इस जीत का हकदार है तो वो सही मायने में भारत सरकार का हर कर्मचारी इस जीत का हकदार है। आपने एक दृष्टिकोण के लिए खुद को समर्पित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मैं एक नई ऊर्जा, एक नए साहस के साथ आगे बढ़ना चाहता हूं, मैं रुकने के लिए पैदा नहीं हुआ हूं।

## 4 मंत्रालय में कोई परिवर्तन नहीं

### शाह, राजनाथ, गडकरी,जयशंकर के मंत्रालय रिपीट

### शिवराज को कृषि और मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा विभाग मिला, ज्योतिरादित्य सिंधिया दूर संचार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार के विभागों का बंटवारा सोमवार शाम 6:30 बजे किया गया। अमित शाह को फिर से गृह मंत्री, राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्री, नितिन गडकरी को सड़क परिवहन मंत्री बनाया गया है। एस जयशंकर के पास विदेश मंत्रालय ही रहेगा।

शिवराज सिंह को कृषि मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है। मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा विभाग दिया गया है। नितिन गडकरी के साथ दो राज्य मंत्री रहेंगे। अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा को सड़क परिवहन राज्य मंत्री बनाया गया है।

निर्मला सीतारमण लगातार दूसरी बार वित्त मंत्री का जिम्मा संभालेंगीष। शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय और, पंचायती राज मंत्रालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय का जिम्मा दिया गया है। इसके साथ ही मनोहर लाल को ऊर्जा मंत्रालय के साथ-साथ शहरी विकास मंत्रालय दिया गया है। धर्मेंद्र प्रधान फिर शिक्षा मंत्रालय संभालेंगे। जीतनराम मांझी को एमएसएमई मंत्रालय दिया गया है। अश्विनी वैष्णव को सूचना प्रसारण मंत्रालय के साथ-साथ रेल मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है।

सर्वानंद सोनोवाल को फिर से पोर्ट शिपिंग मंत्री बनाया गया है। राम मोहन नायडू को नागरिक उड्डयन मंत्री बनाया गया है। महिला और बाल विकास मंत्रालय अन्नपूर्णा देवी को दिया गया है। ज्यातिरादित्य सिंधिया को दूरसंचार मंत्रालय दिया गया है। रवनीत सिंह बिट्टू को राज्यमंत्री अल्पसंख्यक मंत्रालय बनाया गया है। सीआर पाटिल जलशक्ति मंत्रालय दिया गया है। गजेंद्र सिंह शेखावत संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है।



| नाम | मंत्रालय |
|---|---|
| राजनाथ सिंह | रक्षा मंत्री |
| अमित शाह | गृह मंत्री |
| नितिन गडकरी | सड़क एवं परिवहन मंत्रालय मंत्री |
| जेपी नड्डा | स्वास्थ्य मंत्री, रासायनिक एवं उर्वरक मंत्री |
| शिवराज सिंह | कृषि, ग्रामीण विकास मंत्री |
| निर्मला सीतारमण | वित्त मंत्री |
| एस जयशंकर | विदेश मंत्री |
| मनोहर लाल खट्टर | ऊर्जा, शहरी विकास मंत्री |
| पीयूष गोयल | वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री |
| धर्मेंद्र प्रधान | शिक्षा मंत्री |
| जीतनराम मांझी | MSME मंत्री |
| राजीव रंजन | पंचायती राज और मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री |
| सर्वानंद सोनोवाल | जहाजरानी मंत्री |
| डॉ. वीरेंद्र कुमार | सामाजिक एवं आधाकारिता मंत्री |
| राम मोहन नायडू | नागरिक उड्डयन मंत्री |
| प्रह्लाद जोशी | उपभोक्ता, नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री |
| जुएल ओरांव | आदिवासी मंत्री |
| गिरिराज सिंह | कपड़ा मंत्री |
| अश्विनी वैष्णव | रेल, सूचना प्रसारण, आईटी मंत्री |
| ज्योतिरादित्य सिंधिया | दूरसंचार मंत्री, नॉर्थ-ईस्ट विकास मंत्री |
| भूपेंद्र यादव | पर्यावरण मंत्री |
| गजेंद्र शेखावत | संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री |
| अन्नपूर्णा देवी | महिला एवं बाल विकास मंत्री |
| किरन रिरिजू | संसदीय, अल्पसंख्यक मंत्री |
| हरदीप सिंह पुरी | पेट्रोलियम एंव गैस मंत्री |
| मनसुख मांडविया | श्रम एवं रोजगार, खेल एवं मंत्री |
| जी किशन रेड्डी | कोल एवं खनन मंत्रालय |
| चिराग पासवान | खाद्य प्रसंस्करण मंत्री |
| सीआर पाटिल | जलशक्ति मंत्री |

## मेरे मंत्री पद छोड़ने की बात गलत: सुरेश गोपी

- रविवार को राज्य मंत्री की शपथ ली थी; केरल से भाजपा के पहले सांसद

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में राज्यमंत्री बने सुरेश गोपी ने सोमवार को मंत्री पद छोड़ने वाली खबरों को गलत बताया है। सुरेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म गलत खबर फैला रहे हैं कि मैं मोदी सरकार के मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने जा रहा हूं। यह पूरी तरह गलत है। मोदी जी के नेतृत्व में हम केरल के विकास और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं।



दरअसल, एक मलयालम टीवी चैनल ने गोपी के हवाले से दावा किया था कि वे मंत्री नहीं बनना चाहते हैं और एक सांसद के रूप में काम करेंगे। एक्टर से राजनेता बने गोपी ने लोकसभा चुनाव जीतने के बाद कहा था कि वे फिल्म इंडस्ट्री नहीं छोड़ेंगे क्योंकि एक्टिंग उनका जुनून है।

## राहुल गांधी की केरल यात्रा से पहले राजनीति गर्म

### रायबरेली रखेंगे या वायनाड सीट छोड़ेंगे

**तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की रायबरेली और केरल की वायनाड सीट से जीत दर्ज की है। हालांकि, एक ओर वह रायबरेली की जनता को बधाई दे रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस नेता अब वायनाड का दौरा करने वाले हैं। राहुल गांधी के वायनाड दौरे से पहले राजनीतिक गलियारों में अटकलों का बाजार तेज हो गया है।

**12 जून को राहुल गांधी जाएंगे वायनाड-** मीडिया सूत्रों के अनुसार राहुल गांधी 12 जून को केरल के वायनाड का दौरा कर सकते हैं। मालूम हो कि कांग्रेस नेता की केरल दौरान हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनावों में वायनाड लोकसभा क्षेत्र में भारी जीत हासिल करने के कुछ दिनों बाद हो रही है। उन्होंने वायनाड लोकसभा सीट से अपने निकटतम



प्रतिद्वंद्वी और सीपीआई उम्मीदवार एनी राजा को 3,64,422 मतों के अंतर से हराया था।

### इस सीट को छोड़ सकते हैं राहुल गांधी?

वहीं, राहुल गांधी की वायनाड यात्रा से पहले विपक्षी यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (UDF) ने 12 जून को घोषित राज्य विधानसभा तक विरोध मार्च को स्थगित करने का ऐलान कर दिया है। राजनीतिक गलियारों में ऐसी अटकलें लगाई जा रही हैं कि राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट को छोड़ सकते हैं और उत्तर प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के पारंपरिक गढ़ रायबरेली को बरकरार रख सकते हैं। मालूम हो कि राहुल गांधी अक्सर वायनाड को अपना परिवार बताते रहते हैं।

### लखीमपुर में बड़ा हादसा

## घाघरा नदी में डूबने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत



**लखीमपुर खीरी (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले में सोमवार की सुबह बड़ा हादसा हो गया। पढुआ थाना क्षेत्र के तेलियार में एक ही परिवार के पांच सदस्य घाघरा नदी में डूब गए। इनमें 12 साल के बालक समेत चार की मौत हो गई। जबकि 12 वर्षीय बच्ची की हालत गंभीर है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## RWD द्वारा घटिया सड़क निर्माण को लेकर ग्रामीणों का विरोध

चाणक्यभूमि बेतिया

RWD द्वारा चनपटिया प्रखंड के गुरवलिया गांव में भारपाड़िया कारी टोला से यादव टोला जाने वाली सड़क के घटिया निर्माण को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के निर्माण कार्य में मानक के अनुसार संवेदक द्वारा कार्य नहीं कराया गया है अभी सड़क का पिचिंग हुए 10 दिन भी नहीं हुआ और सारी गिट्टी पत्थर उड़ रहे हैं। संवेदक द्वारा रात्रि में ही इस सड़क के निर्माण कार्य का पिचिंग किया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्या सड़क ग्रामीण



कार्य विभाग बिहार सरकार के मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना के तहत बन रहा है लेकिन इस सड़क के निर्माण कार्य में कभी भी कोई पदाधिकारी साइड पर नहीं आते हैं और संवेदक अपनी मनमानी के अनुसार घटिया सड़क निर्माण किया है। स्थानीय



लोगों ने कहा कि घटिया निर्माण कार्य की शिकायत जिला प्रशासन के साथ-साथ विभाग के अधिकारियों को भी करेंगे। यदि संवेदक और संबंधित पदाधिकारी के ऊपर कारवाई नहीं होती है तो बहुत जल्द सड़क को जाम किया जाएगा। इस दौरान विजय साह, अनवर अंसारी, सफीक , तुलसी यादव ,रंजीत पटेल, रामजी साह ,संजय यादव ,प्रमोद बैठा, सुनील यादव रामेश्वर यादव , सुनील पटेल ,मुन्ना पटेल समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### प्रधानमंत्री मोदी की कनाडा को दो टूक, बोले-

## बेहतर संबंधों के लिए एक-दूसरे की चिंताओं पर ध्यान देना जरूरी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बीते दिनों कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने कनाडा की संसद में निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया और कहा कि भारत को कनाडा में कानून के शासन का सम्मान करना चाहिए।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरे कार्यकाल की जीत के लिए दुनियाभर से बधाई संदेश मिले। इन बधाई संदेशों में एक संदेश कनाडा की सरकार का भी है। कनाडा की सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी को तीसरे कार्यकाल की जीत के लिए बधाई देते हुए कुछ ऐसा कहा, जिसे भारत पर तंज कहा जा सकता है। अब प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडा की सरकार के संदेश का जवाब देते हुए उसी की भाषा में करारा जवाब दिया है।

**कनाडा ने परोक्ष रूप से कसा तंज-** दरअसल कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी की जीत के लिए बधाई देते हुए लिखा 'कनाडा की सरकार, भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर करने के लिए तैयार है और ये संबंध मानवाधिकार, विविधता और कानून के शासन के आधार पर होने चाहिए।' गौरतलब है कि बीते दिनों कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### गंगा में नहाने गए 2 दोस्त डूबे, दीघा के 83 नंबर घाट पर स्नान करने गए थे

**पटना।** पटना में भीषण गर्मी के बीच दीघा थाना के 83 नंबर घाट पर रविवार की देर शाम तीन दोस्त नहाने गए जिनमें दो डूब गए। जबकि एक तैर कर निकल गया। इस बात की जानकारी मिलते ही मौके पर एसडीआरएफ की टीम और दीघा थाने की पुलिस पहुंच गई। डूबने वाले दोनों युवकों में 20 साल का विशाल और 21 साल का आशीष शामिल है। दोनों दीघा मखदुमपुर के रहने वाले हैं। विशाल की मां होमगार्ड की जवान है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दो युवकों की डूबने की सूचना मिली है। आधे घंटे तक सर्च ऑपरेशन चलाया गया, लेकिन अब तक दोनों युवकों का पता नहीं चल सका है। अंधेरा होने की वजह से सर्च ऑपरेशन बंद कर दिया गया। सोमवार को फिर से खोजबीन की जाएगी। तीनों दोस्त काफी देर से 83 नंबर घाट पर नहा रहे थे। विशाल गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। इसी को बचाने में आशीष भी आगे बढ़ा। वह भी डूबने लगा। दोनों को डूबता देख तीसरे दोस्त ने चिल्लाना शुरू किया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने भी गंगा में छलांग लगा दी। जबतक लोग वहां पहुंच पाते दोनों युवक गंगा नदी में डूबे गए।



### 5 दिन बाद पटना पहुंचे नीतीश,समर्थक बोले-किंगमेकर बन गए, डिप्टी सीएम ने कहा-यहां ना कोई किंग ना किंगमेकर

**पटना।** सीएम नीतीश कुमार 5 दिन बाद दिल्ली से आज पटना पहुंच गए हैं। पटना एयरपोर्ट से सीएम नीतीश का काफिला सीधा 1 अणे मार्ग स्थित सीएम आवास के लिए निकल गया। दिल्ली से पटना लौटे जदयू सांसद देवेश चंद्र ठाकुर ने कहा कि बिहार को विशेष राज्य का दर्जा की मांग हमारी है। उम्मीद है कि पूरी भी होगी। वहीं बिहार के डिप्टी सीएम विजय सिन्हा से जब पूछा गया कि विपक्ष कह रहा है कि बिहार किंगमेकर बनकर उभरा है। इस पर उन्होंने कहा कि यहां कोई किंगमेकर नहीं है। एयरपोर्ट पहुंचे समर्थकों ने कहा कि अब नीतीश किंगमेगर के रूप में उभरे हैं। जो लोग कहते थे वो सत्ता से बाहर हो जाएंगे उनके मुंह पर ये तमाचा है। महिला नेताओं ने गीत गाकर नीतीश कुमार की उपब्ल्धियां गिनाईं। दरअसल, सीएम नीतीश कुमार दिल्ली यात्रा पर थे। वे एनडीए की बैठक से लेकर पीएम मोदी के शपथ समारोह तक रुके हुए थे। बिहार से 8 सांसदों को पीएम मोदी के मंत्रिमंडल में जगह मिली है।



### ट्रक ने बाइक सवार मां-बेटे को कुचला, घटनास्थल पर ही दोनों की हुई मौत

**पटना।** पटना में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। बेउर थाना क्षेत्र में 70 फीट सड़क के पास अनियंत्रित ट्रक ने बाइक सवार मां और बेटे को कुचल दिया। घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर मौके से फरार हो गया। मृतक की पहचान पटना सिटी के दीदारगंज निवासी हरिलाल की पत्नी मन्ना देवी और पुत्र राकेश कुमार के तौर पर हुई है। बाइक से बीमार रिश्तेदार से मिलने जा रहे थे। इस बीच ट्रक ने दोनों को रौंद दिया। मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। इस दौरान कुछ देर के लिए पटना-फतुहा मार्ग पर जाम लगा दिया। हादसे के लिए पुलिस को जिम्मेवार ठहराते हुए कहा कि 70 फीट के पास आए दिन वाहन चालक आगे निकलने की होड़ में जाम लगा देते हैं। इस इलाके में अक्सर एक्सीडेंट में लोगों की जान जा रही है। पुलिस ने समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए एम्स भेज दिया है। बेऊर थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी चालक की तलाश की जा रही है।

### 6 जून से लापता युवक का झाड़ी में मिला शव, वैशाली के लालगंज में हत्या कर फेंके जाने की आशंका

**हाजीपुर।** वैशाली में छह जून से लापता युवक का शव झाड़ी से मिला है। शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। परिजनों का रो-रोकर बूरा हाल है। घटना लालगंज थाना क्षेत्र के यूसुफपुर चौड़ की है। मृतक युवक की पहचान कमालपुर निवासी नरेश पासवान के बेटे उमाकांत पासवान के रूप में की गई है। मृतक 6 जून से घर से गायब था, जिसकी सूचना लालगंज थाने को दी गई थी। लालगंज थाना की पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर गायब युवक की तलाश कर रही थी। स्थानीय ग्रामीणों ने बकरी चराने के दौरान यूसुफपुर चौड़ में एक पोखर के किनारे झाड़ी में शव फेंका हुआ देखा गया। इसकी सूचना स्थानीय लोगों को दी गई। सूचना के बाद मौके पर मृतक के परिजन और लालगंज थाने की पुलिस पहुंची। हत्या कर शव फेंके जाने का परिजनों ने आरोप लगाया। स्थानीय लोग आक्रोशित हो गए।आसपास के कई थाने से पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे।



**मामले की जांच में जुटी पुलिसः** स्थिति तनाव पूर्ण देख सदर एसडीपीओ गोपाल मंडल भी घटना स्थल पहुंचे और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। मुजफ्फरपुर से डॉग स्क्वायड की टीम बुलाई गई है। टीम उक्त हत्या की जांच पड़ताल में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि उमाकांत की शादी पिछले 21 अप्रैल को सराय पटेढ़ा निवासी दुर्गा देवी से हुई थी। उमाकांत गांव में ही पिछले कुछ महीनों से सररिया निवासी एक व्यक्ति का ट्रैक्टर चलाता था। इस संबंध में सदर एसडीपीओ गोपाल मंडल ने बताया कि कमालपुर गांव का उमाकांत पासवान 6 जून को घर से गायब हो गया था, जिसकी सूचना परिजनों ने लालगंज थाना पर दी थी। इसके बाद पुलिस पदाधिकारी FIR दर्ज कर मामले का अनुसंधान कर रहे थे। इसी दौरान उक्त लड़का का शव युशुफपुर गांव के चौड़ में बरामद हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। जल्द हत्यारे को पकड़ लिया जाएगा।

### सड़क हादसे में दादा-पोते की मौत, 4 घायल

**हाजीपुर।** वैशाली में स्थित मुजफ्फरपुर- हाजीपुर एनएच-22 पर भगवानपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा के पास भीषण सड़क हादसे में दादा-पोते की मौके पर ही मौत हो गई है। इस घटना में पति, पत्नि, बेटी और 65 साल की बुजुर्ग महिला गंभीर रूप से घायल है। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल हो गया। जोरदार धक्का लगने और आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर में भर्ती कराया है। रतनपुरा में सड़क किनारे एक कंटेनर खड़ा था, तभी पीछे से आ रही एक बेकाबू कार कंटेनर में जा घूसी। कार में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। कार सवार लोगों में दो की मौके पर ही मौत हो गई। सभी घायल लोग पटना जिले के रहने वाले है। घायलों में 35 साल के अश्वनि कुमार, उसकी पत्नी, 30 साल की रंजीता पाल, 65 साल की महिला शांति देवी, नौ साल की अश्विनी कुमारी है। 11 साल की अश्वनी कुमारी की मौत हो गई है। सभी मुजफ्फरपुर में स्थित अपने रिश्तेदार के घर से पटना वापस कार में सवार होकर लौट रहे थे। इसी दौरान भगवानपुर थाना क्षेत्र के रतनपुरा नेशनल हाइवे किनारे खड़ी कैटेनर में कार जा घुसी। इस संबंध में भगवानपुर थाना में तैनात एसआई मगीना कुमार ने जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि सड़क दुर्घटना हुई है। कार में छह लोग सवार थे। बच्चे की मौत हुई है। चार लोग घायल है। इन्हें सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# बिहार पुलिस को अब मिलेगा डिजिटल वारंट, कुर्की का ऑर्डर

**♦ पटना में 25 हजार पुलिसकर्मियों को दी जा रही ट्रेनिंग, आईओ को मिलेगा लैपटॉप और स्मार्टफोन**

एजेंसी, पटना।

बिहार पुलिस की ओर से नए कानून को लेकर पुलिस पदाधिकारियों को पटना के बापू सभागार में प्रशिक्षित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अगले तीन दिन तक चलेगा। इसमें 25 हजार पुलिसकर्मी प्रशिक्षण ले रहे हैं। ये अलग-अलग तीन फेज में चलेगा। वेब कास्टिंग के जरिए बिहार के लगभग सभी जिलों के एक तिहाई अनुसंधानकर्ता, सुपरवाइजिंग ऑफिसर इस कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं। इन सभी को 1 जुलाई से लागू होने वाले भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में गहन जानकारी दी जा रही है। कार्यक्रम का उद्घाटन बिहार के डीजीपी आरएस भट्टी ने किया। मुख्यालय एडीजी जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि बहुत जल्द कोर्ट से वारंट और कुर्की का ऑर्डर भी डिजिटल ही मिलेगा। सब कुछ डिजिटल होगा। इस दिशा में भी काम बहुत तेजी से चल रहा है।

**पुलिस पदाधिकारियों को मिलेगा स्मार्ट फोन और लैपटॉपः** एडीजी पुलिस मुख्यालय जितेंद्र सिंह गंगवार ने बताया कि नए अपराधिक कानून के अलावा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अनुसंधान के समय में कैसे विधि विज्ञान का प्रयोग कर सकते हैं और किस तरह से डिजिटल पुलिसिंग को बढ़ावा दे सकते हैं। इसके बारे में भी पुलिस पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। गंभीर अपराध के घटनास्थल पर उपलब्ध साक्ष्य को किस तरह से संकलन करना है। घटनास्थल की वीडियोग्राफी और फोटोग्राफी कैसे करानी है। इसके लिए विधि विज्ञान के विशेषज्ञ भी मौजूद हैं। इनके द्वारा पदाधिकारियों को ट्रेनिंग दी जाएगी। पुलिस अपना डिजिटलाइजेशन पूरी कर ली है, अब सीसीटीएनएस को बहुत जल्द आईसीजेएस से जोड़ दिया जायेगा। यानी पुलिस पूरी तरह से डिजिटल होगी। अनुसंधान कर्ताओं को लैपटॉप और स्मार्ट फोन भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्हें इससे काम करने में काफी सहूलियत मिलेगी।



## शिक्षा विभाग में ACS और कुलपतियों के बीच बैठक

एजेंसी, पटना।



**♦ नए ACS डॉ. एस सिद्धार्थ की पहली बैठक, अगले 3 दिन तक चलेगी मीटिंग**

शिक्षा विभाग के नए अपर मुख्य सचिव डॉ एस सिद्धार्थ ने विश्वविद्यालय के कुलपतियों के साथ बैठक की। अगले 3 दिन तक मीटिंग चलेगी। सोमवार को पटना और पाटलिपुत्र विश्विद्यालय के कुलपतियों के साथ बैठक हुई है। इसमें उच्च शिक्षा निदेशक रेखा कुमारी भी मौजूद हैं। विश्वविद्यालय की बकाया राशि, कर्मचारियों के वेतन भुगतान, विश्वविद्यालय शिक्षकों के वेतन भुगतान समेत अन्य मुद्दों पर यह बैठक बुलाई गई है।

**किस विश्वविद्यालय की बैठक कब-कबः** शिक्षा अपर मुख्य सचिव ने वीसी के साथ बैठक का पूरा शिड्यूल तैयार किया गया है। 10 जून को पटना, पाटलिपुत्र, मौलाना मजहरूल हक और आर्यभट्ट विश्वविद्यालयों की बैठक होगी। जबकि, 11 जून को वीर कुंवर सिंह,जयप्रकाश नारायाण, मगध,बीआरए और एलएन मिथिला विश्वविद्यालय के वीसी के साथ मीटिंग तय की गई है। 12 जून को केएसडीएस, मुंगेर,पूर्णिया,मुंगेर,बीएन मंडल और टीएमबीयू भागलपुर विश्वविद्यालय की समीक्षा होगी।

**केके पाठक के वक्त वीसी नहीं पहुंचे थेः** आईएएस केके पाठक ने भी कुलपतियों की बैठक बुलाई थी। इसमें कई विश्वविद्यालय के कुलपति शामिल नहीं हुए थे। राज भवन के आदेश पर शामिल नहीं हो रहे थे। आईएएस केके पाठक ने इसके बाद विश्वविद्यालय के शिक्षकेत्तर और शिक्षक का वेतन रोक दिया था। यूनिवर्सिटी के खाते सील कर दिए थे। यह मामला पटना हाई कोर्ट पहुंचा। हाई कोर्ट की मध्यस्था के बाद शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालय के कुलपतियों की अहम बैठक हुई।

## पटना में IT अधिकारी से ऑटो गैंग ने छीना चेन

एजेंसी, पटना।

पटना में इनकम टैक्स डिपार्टमेंट के वरीय कर सहायक मनोज झा से सोने की चेन की छिनतई हुई है। चेन छीनने के बाद ऑटो सवार बदमाशों ने धक्का मारकर उन्हें बाहर कर दिया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र के गोरखनाथ लेन का है, जहां ऑटो गैंग के सदस्यों ने आज सुबह घटना को अंजाम दिया है। पूरी वारदात घटनास्थल से कुछ दूर पर लगे CCTV कैमरे में कैद हो गई है। मनोज झा ने बताया कि वह आज ही पूर्णिया से बस पकड़कर सुबह में पटना आए थे। सुबह में गांधी मैदान से अपने गेस्ट हाउस जाने के लिए ऑटो पकड़ा था। राजापुल के पास आए तो ऑटो वाले ने बोला कि आगे के पहिया में हवा कम है। हवा लेनी होगी। इसके बाद मैने हवा लेने के लिए सहमति जता दी। फिर वो हवा लेने के बहाने इधर-उधर घूमाने लगा।



**ऑटो में सवार थे चार लोगः** ऑटो में पहले से 4 लोग मौजूद थे। हवा लेने के नाम पर इधर-उधर गली में घूमाने के बाद ड्राइवर ने कहा कि पीछे की सीट पर जाइए। पीछे की सीट पर आने के बाद ऑटो वाला गोरखनाथ गली में एंट्री किया और कभी गाड़ी से धुंआ निकलने और कभी आगे पुलिस की चेकिंग की बात कहने लगा। इसी बीच उन्होंने जो गले में सोने की चेन पहनी थी, उसे झपटते हुए ऑटो से धक्का मारकर बाहर कर दिया। फिर ऑटो लेकर सभी तेजी से भाग निकले। मनोज ने बताया कि पैर में रॉड लगा हुआ है। ऐसे में जमीन पर गिरते तो हालत खराब हो जाती।

### पटना वीमेंस कॉलेज के बाहर छात्राओं का प्रदर्शन

**पटना।** पटना वीमेंस कॉलेज की छात्राओं ने आज रिजल्ट में गड़बड़ी को लेकर कॉलेज के बाहर प्रदर्शन किया। उनका कहना है कि कई छात्रा को एक या दो नंबर से फेल किया गया है। उन्हें प्रमोट नहीं किया जा रहा है ना ही प्रिंसिपल मैडम मुलाकात कर रही है। अलग-अलग विषय और अलग-अलग साल के 200 से अधिक छात्राओं को फेल किया गया है। उनकी ओर से कॉलेज प्रशासन पर आरोप लगाया गया है कि वह छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे है। छात्रों की मांग है कि एक या दो नंबर की वजह से उनका पूरा साल बर्बाद होगा। कॉलेज प्रशासन से आग्रह है कि वह छात्राओं को प्रमोट करें और उनसे बातचीत की जाए। रिया कुमारी ने कहा कि हम लोग शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं। लेकिन यहां पर पुलिस प्रशासन को बुला लिया गया है। तमाम लड़कियां अपने फेस को कवर करके प्रदर्शन कर रही हैं।अगर वह ऐसा नहीं करेगी। कल को फिर कॉलेज के द्वारा उनके फेस को चिन्हित कर दिया जाता है।

## पटना के जेठुली में दो गुटों के बीच फायरिंग

**15 महीने पहले के विवाद से जुड़ा है मामला, तीन लोगों की गई थी जान, चार खोखा बरामद**


एजेंसी, पटना।

पटना के जेठुली गांव में दो गुटों के बीच पुरानी विवाद को लेकर जमकर फायरिंग हुई। फायरिंग में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की सूचना मिलते ही नदी थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल से चार खोखा बरामद किया। घटना के बाद नदी थाने की पुलिस जेठुली गांव में कैंप कर रही है। घटना की पुष्टि करते हुए नदी थाना प्रभारी राजू कुमार ने बताया कि लगभग 15 महीने पहले हुए विवाद में एक बार फिर दो गुट आमने-सामने हो गए। बताया जा रहा है कि सोमवार को उसी घटना से जुड़ा एक शख्स बेल मिलने के बाद अपने घर पहुंचा था। इससे नाराज दूसरे पक्ष के लोगों ने फायरिंग कर दी।



**2023 में तीन लोगों की गई थी जानः** 8 मार्च 2023 को पार्किंग विवाद को लेकर पटना के जेठूली गांव में जमकर गोलीबारी हुई थी। इस दौरान पांच लोगों को गोली लगी थी, तीन लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना का वीडियो भी उस वक्त वायरल हुआ था। इस दौरान गौतम कुमार की मौत घटनास्थल पर हो गई थी, जबकि रोशन कुमार और मुद्रिका राय की मौत अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई थी, जबकि चंद्रिका राय और नागेंद्र राय घायल हो गए थे। इस मामले में आरोप था कि उमेश राय गुट के लोगों ने 50 राउंड से अधिक गोलियां चलाई थी। घटना से आक्रोशित लोगों ने आरोपी के घर, मैरिज हॉल और गाड़ियों को आगे के हवाले कर दिया।

## सतीशचन्द्र दूबे को मंत्री बनाकर सनातन समाज को मोदी ने दिया सम्मान



**♦ अखंड भारत पुरोहित महासभा ने मंत्री बनने पूजा कर, उडाया अबीर गुलाल**

**♦ पीएम मोदी के शपथ व राजभूषण चौधरी को मंत्री बनाने पर बांटी मिठाई**

एजेंसी, मुजफ्फरपुर।





अखंड भारत पुरोहित महासभा मुजफ्फरपुर की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मंत्रिमंडल समेत शपथ लेने पर बधाई समारोह का आयोजन किया गया। मुजफ्फरपुर में मां खंडेश्वरी दुर्गा मंदिर ब्रह्मपुरा थाना चौक पर प्रधान पुजारी आचार्य रणजीत मिश्रा की अध्यक्षता में बधाई समारोह का आयोजन किया गया। अखंड भारत पुरोहित महासभा की ओर से पूजा-अर्चना व अबीर गुलाल लगाकर खुशियां बांटी गई। महासभा के संस्थापक पंडित हरिशंकर पाठक ने कहा कि सांसद सतीशचन्द्र दूबे को मंत्री बनाकर प्रधानमंत्री ने पुरोहित समाज को सम्मान दिया। सांसद सतीशचन्द्र दुबे सनातन समाज के संरक्षक और सभी लोगों के मददगार रहे हैं। पीएम मोदी के मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को अपने राजनीति जीवन का आधार मानते हैं। पंडित पाठक ने कहा कि उनके मंत्री बनने से बिहार के विकास को गति मिलेगी।वह लगातार मुजफ्फरपुर आते रहे है। पंडित सतीशचन्द्र दूबे व मुजफ्फरपुर सांसद राजभूषण चौधरी को केन्द्रीय मंत्री बनने पर चाणक्य विद्यापति सोसाइटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबा गरीबनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित विनय पाठक, उत्तर बिहार विद्वत परिषद के अध्यक्ष आध्यात्मिक गुरु पंडित कमलापति त्रिपाठी प्रमोद, बाबा विश्वेश्वर नाथ मंदिर के संस्थापक अधिवक्ता अरुण पांडेय , भाजपा नेता केशव चौबे, वरीय पत्रकार अमरेंद्र तिवारी, छात्र हम के प्रदेश अध्यक्ष संकेत मिश्रा जनता दल यू के युवा नेता कुंदन शांडिल्य ने बधाई दी है। महासभा संस्थापक पंडित हरिशंकर ने कहा कि बहुत जल्द मंत्री सतीशचन्द्र दूबे व सीतामढी के सांसद देवशचन्द्र ठाकुर, दरभंगा के सांसद गोपाल जी ठाकुर, बिहार सरकार के मंत्री नीतीश मिश्रा, मंत्री मंगल पांडेय का अभिनंदन समारोह किया जाएगा।

**तीसरी बार मोदी ने शपथ ली, मजबूत होगा देशः** अखंड भारत पुरोहित महासभा की ओर से मुजफ्फरपुर में पीएम नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनने के साथ मंत्रीमंडल में पुरोहित महासभा के संरक्षक सतीशचन्द्र दूबे तथा स्थानीय सांसद राजभूषण चौधरी को मंत्री बनाए जाने पर खुशियां बांटी। मां खंडेश्वरी दुर्गा मंदिर मंदिर प्रांगण में महासभा की ओर से शपथ ग्रहण के शुभ अवसर पर विधिवत या सभी देवी देवताओं के साथ माता खंडेश्वरी की पूजन कर एक दूसरे दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी गई। यहां पर मुख्य रूप से संस्थापक पंडित हरिशंकर पाठक आचार्य अमित मिश्रा, ओम प्रकाश शर्मा, आचार्य प्रेमनाथ मिश्रा, आचार्य बालेश्वर मिश्र, आचार्य कुंदन पाठक, लक्ष्मी शर्मा, राजेंद्र शर्मा, दिनेश, अनिल शर्मा आदि शामिल रहे।

## दानापुर अनुमंडल अस्पताल में शिविर का आयोजन, पानी और पंखे तक की सुविधा नहीं, टॉयलेट भी गंदा

**उपाधीक्षक बोले- जल्द ठीक कर दिया जाएगा**

एजेंसी, पटना।

पटना के दानापुर में प्रधानमंत्री मातृत्व योजना के तहत सोमवार को अनुमंडल अस्पताल में शिविर लगाई गई। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उमस भरी गर्मी में पंखा और पीने के पानी की सुविधा नहीं रहने के कारण महिलाएं बेहाल थी। बैठने के लिए कुर्सी नहीं रहने पर गर्भवती महिलाओं फर्श पर बैठना पड़ा। जबकि इस योजना को लेकर विभाग द्वारा सारी व्यवस्था करने के लिए फंड दी जाती है। इसके बाद भी अस्पताल प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था नहीं किया गया था।



**टॉयलेट में भी गंदगीः** शिविर में जांच कराने दीघा से आई अन्नु कुमारी ने कहा कि सुबह 8 बजे से आई हुई हूं। भीड़ इतना है कि लोग एक दूसरे को धक्का दे रहे हैं। इतनी गर्मी है कि यहां बैठना भी मुश्किल है। दीघा से आई संगीता देवी ने कहा कि शिविर में कोई व्यवस्था नहीं की गई है। अस्पताल परिसर के टॉयलेट में गंदगी फैला हुआ है। उसमे पानी तक नहीं है। इस भीषण गर्मी में मरीज सुबह से लाइन में खड़े हैं, लेकिन कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। नूरपुर चांदमारी से शिविर में जांच करवाने पहुंची निभा ने बताया कि सुबह सात बजे से हम आए हुए हैं बैठने की कुर्सी की भी व्यवस्था नहीं की गई है। पंखा सही से नहीं चल रहा है। टॉयलेट में गंदगी फैला हुआ है। स्टाफ भी कुछ जानकारी नहीं दे रहे हैं।

**क्या बोले अस्पताल के उपाधीक्षकः** इस संबंध में दानापुर अनुमंडल अस्पताल के उपाधीक्षक डॉक्टर निभा मोहन ने बताया कि हमलोग लगातार कोशिश करते रहते हैं कि किसी को कोई परेशानी न हो। भीषण गर्मी है, पंखा लगातार चल रहा है। लगातार पंखा चलने के कारण खराब हो गया हो। उसको दिखवा रहे हैं, जल्द ही ठीक कर दिया जाएगा। टॉयलेट में गंदगी को लेकर कहा कि साफ करने का निर्देश दिया गया है।

## पोल से निकली चिंगारी से बिजली गुल

**मंदिरी इलाके में 4 घंटे तक बिजली नहीं रही, गर्मी की वजह से लोगों में दिखी नाराजगी**

एजेंसी, पटना।

भीषण गर्मी को लेकर एक ओर लोगों की परेशानी बढ़ी हुई है। दूसरी ओर बिजली कट होने के कारण सैकड़ों लोगों को परेशानी बढ़ने लगी है। पटना के मंदिरी इलाके में करीब 4 घंटे तक बिजली गुल रही। वहीं, मौके पर देर रात पहुंची बिजली विभाग के कर्मी को भी लोगों का आक्रोश देखने को मिला है। हालांकि, बिजली विभाग के कर्मी ने चार घंटे बाद बिजली आपूर्ति बहाल कर दिया। लेकिन बिजली कर्मी को स्थानीय लोगों में आक्रोश का सामना करना पड़ा।

**लोडिंग बढ़ने की वजह से लगी आगः** दरअसल, मामला मंदिरी इलाके का है। यहां इस भीषण गर्मी मे अचानक शॉर्ट सर्किट के कारण पोल से चिंगारी शुरू हो गई।



कुछ देर बाद चिंगारी से तार में आग लग गई। लोगों मे भगदड़ जैसा माहौल हो गया। चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद बिजली आपूर्ति शुरू हुई। चार घंटे तक बिजली नहीं रहने से लोगों में नाराजगी दिखी। हालांकि, बिजली विभाग के मुताबिक लोडिंग बढ़ने की वजह से ऐसी घटनाएं हो रही है।




# एसकेएमसीएच में नॉर्थ बिहार का सबसे बड़ा इमरजेंसी केयर, 200 बेड वार्ड जल्द

**मुजफ्फरपुर , एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर स्थित एसकेएमसीएच में 200 बेड का इमरजेंसी वार्ड खोला जायेगा। इसका प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है। अधीक्षक डॉ. कुमारी विभा ने बताया कि रोगी कल्याण समिति की बैठक में पास करवा कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। इमरजेंसी में अभी 45 बेड ही हैं, जिस कारण अस्पताल में जितने मरीज आते हैं, उस हिसाब से उनको बेड नहीं मिल पाता। एसकेएमसीएच में अभी हाल में ही 20 बेड का नया इमरजेंसी वार्ड बनाया गया है। बावजूद बेड की किल्लत बनी रहती है। 200 बेड लग जाने के बाद यह उत्तर बिहार का सबसे बड़ा इमरजेंसी केयर यूनिट होगा।

अधीक्षक ने बताया कि एसकेएमसीएच की इमरजेंसी दूसरी जगह भी शिफ्ट की जा सकती है। इसके लिए अगले महीने जगह चिन्हित की जायेगी। अभी जहां इमरजेंसी है, वहां 200 बेड का वार्ड नहीं तैयार किया जा सकता। एसकेएमसीएच इमरजेंसी के लिए पीकू के आसपास की जगह देखी जा सकती है। जुलाई में रोगी कल्याण समिति की आयोजित बैठक में इस प्रस्ताव को रखा जायेगा। यहां से पास हो जाने के बाद प्रस्ताव को सरकार के पास भेजा जायेगा।

### उत्तर और पूर्व बिहार में सबसे बड़ी इमरजेंसी

एसकेएसमीएच में 200 बेड की इमरजेंसी खुल जाने के बाद यह उत्तर व पूर्व बिहार में सबसे बड़ी इमरजेंसी होगी। बेतिया मेडिकल कॉलेज की इमरजेंसी में 12 बेड हैं। दरभंगा मेडिकल की इमरजेंसी में 21 और भागलपुर मेडिकल कॉलेज की इमजरेंसी में 25 बेड हैं। डॉक्टरों का कहना है कि यह अस्पताल के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।

### बेड की कमी, जमीन पर होता है इलाज

एसकेएमसीएच की इमरजेंसी में हर दिन लगभग 500 मरीज आते हैं। बेड नहीं मिलने पर मरीजों को जमीन पर लिटाकर इलाज किया जाता है। कई बार गंभीर मरीजों को भी बेड नहीं मिल पाता है। एसकेएमसीएच में मुजफ्फरपुर के अलावा उत्तर बिहार के शिवहर, सीतामढ़ी, बेतिया, मोतिहारी और वैशाली जिले से भी मरीज आते हैं। पीएचसी से मारपीट के मरीज को भी यहां रेफर कर दिया जाता है।

### एसकेएमसीएच में मरीजों के लिए लगेगी लिफ्ट

एसकेएमसीएच में मरीजों के लिए लिफ्ट भी लगाई जायेगी। रोगी कल्याण समिति के समक्ष इस प्रस्ताव को भी रखा जायेगा। मरीजों को अभी ऊपरी मंजिलों पर जाने के लिए रैंप या सीढ़ी का सहारा लेना पड़ता है। लिफ्ट लग जाने से दिव्यांग मरीजों को लाभ होगा। इसके अलावा अस्पताल में दिव्यांग मरीजों के लिए व्हील चेयर भी लगाये जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध खनन के आरोप में ट्रैक्टर और जेसीबी जब्त, चालक फरार

**भागलपुर/नवगछिया, एजेंसी।** खरीक पुलिस और खनन विभाग के पदाधिकारियों ने रविवार को दादपुर में छापामारी की। जहां कोसी नदी के समीप अवैध रूप से मिट्टी काट रहे एक जेसीबी और ट्रैक्टर को छापामारी टीम ने जब्त कर लिया। जबकि, छापामारी टीम को देखते ही जब्त जेसीबी और ट्रैक्टर का चालक सहित अन्य कई चालक भी अपनी-अपनी ट्रैक्टर लेकर भागने में सफल रहे। छापामारी टीम में शामिल पदाधिकारी ने बताया कि जब्त जेसीबी और ट्रैक्टर दादपुर निवासी गुलशन यादव का है। रविवार को सूचना मिली कि गुलशन यादव खुलेआम मिट्टी कटवा रहा है। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने बताया कि मामले को जब्त जेसीबी और ट्रैक्टर के मालिक और चालक के खिलाफ अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि थाना क्षेत्र के उस्मानपुर कलबलिया धार, नागरटोला कलबलिया धार, चोरहर, ढोड़िया, दादपुर समेत अन्य कई जगहों पर कोसी धार और कलबलिया धार में खुलेआम मिट्टी माफिया अवैध खनन कर रहा है। ट्रैक्टर चालक सभी नियमों को ताक पर रख काफी तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं। जिसके कारण हमेशा सड़क हादसे का संभावना बना रहा था। बाबजूद इसके मिट्टी माफिया के खिलाफ कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की जा रही है।

### पीएम के तीसरी बार शपथ ग्रहण को लेकर कार्यकर्ताओं में खुशी

**अकबरनगर , एजेंसी।** भारत के प्रधानमंत्री के तौर पर तीसरी बार लगातार शपथ लेने पर अकबरनगर कुशवाहा टोला में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य किसान मोर्चा सतीश कुमार उर्फ कन्हैया झा के नेतृत्व में एनडीए कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर मिठाई खिलाकर एवं पटाखा फोड़ कर जश्न मनाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता प्रो. भगवान यादव, विपिन सिंह, भाजपा नेता राजकुमार यादव, श्यामानंद मंडल, कपिल देव पासवान, विष्णु देव यादव, पप्पू कुमार मंडल अनुसूचित मोर्चा मंडल अध्यक्ष लखनलाल पासवान आदि मौजूद थे।

### खिजरसराय में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार शिक्षक को रौंदा मौत

**नीमचक बथानी, एजेंसी।** खिजरसराय थाना क्षेत्र के महमदपुर मंडई रोड में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने बाइक सवार शिक्षक सुगौली कुमार को रौंद डाला जिससे उसकी मौत हो गई। सड़क दुर्घटना के बाद शिक्षक को स्थानीय लोगों की मदद से एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां उसकी स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टरों ने उसे गया रेफर कर दिया। गया ले जाने पर डॉक्टरों ने शिक्षक को मृत घोषित कर दिया। घटना रविवार रात आठ बजे की है। मृतक शिक्षक प्रखंड के मध्य विद्यालय नौडीहा में कार्यरत थे। शिक्षक सुगौली कुमार थाना क्षेत्र के मंडई गांव के रहने वाले थे उसके तीन पुत्री और एक पुत्र हैं। सुगौली कुमार के मौत से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है वही गांव में मातमी में सन्नाटा छाया हुआ है।

### जैन मुनियों के मंगल प्रवेश पर स्वागत

**गया, एजेंसी।** राष्ट्र संत आचार्य मुनि श्री 108 विहर्ष सागर जी महा मुनिराज, धर्मवीर मुनि श्री विजयेश सागर जी और मुनि श्री विश्वहर्ष सागर जी महाराज ससंध रविवार को गया शहर में मंगल प्रवेश हुआ। सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से जैन मुनियों का स्वागत किया गया। तीनों आचार्य गुरुवर रमना रोड स्थित दिगंम्बर जैन भवन में अल्पकाल के प्रवास पर विराजमान हैं। जैन समाज के सह मंत्री अर्पित पाटनी ने बताया कि आचार्य गुरुवर का मंगल विहार शाश्वत तीर्थ सम्मेद शिखर जी के लिए चल रहा है। यहां से जैन मुनि झारखंड के जैन तीर्थ सम्मेद शिखर के लिए रवाना होंगे।

### भगवानपुर गोलंबर पर ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, एक घंटे आपूर्ति प्रभावित

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** सदर थाना से महज दो सौ मीटर पर स्थित भगवानपुर गोलंबर पर लगे 32 केवीए ट्रांसफॉर्मर में रविवार की दोपहर अचानक तेज ब्लास्ट हुआ और आग लग गयी। आग की लपट देखते ही ट्रांसफॉर्मर के आसपास खड़े लोग भागने लगे। फुटपाथी दुकानदार भी ठेला और दुकान समेट कर भागे। आग के साथ तेज आवाज भी निकल रही थी। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना बिजली विभाग को दी। बिजली काटकर ट्रांसफॉर्मर में लगी आग को स्थानीय लोगों ने जैसे तैसे बुझाया। हालांकि, इसमें कोई हताहत नहीं हो सका। इसके बाद मौके पर लाइनमैन पहुंचा।

# ऊर्जा विभाग बना रही लिफ्ट नीति:अब अपनी मर्जी से नहीं लगवा सकेंगे लिफ्ट या एस्केलेटर

### सरकार से अनुमति लेनी होगी





**पटना, एजेंसी।** अब पटना समेत राज्यभर के सार्वजनिक स्थलों, मल्टीस्टोरी बिल्डिंग, होटल, अपार्टमेंट, बड़े शॉपिंग मॉल, अस्पताल के साथ निजी घरों में लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने के लिए सरकार से अनुमति लेनी होगी। यह अनुमति ऊर्जा विभाग से मिलेगी। इलेक्ट्रिकल इंस्पेक्टर लिफ्ट और एस्केलेटर की क्वालिटी, क्षमता, बिजली कनेक्शन आदि की जांच कर करेंगे। मानक के अनुरूप सब कुछ सही होने पर अनुमति देंगे।

सरकार ने लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर नई लिफ्ट नीति बनाने का फैसला किया है। इसका प्रारूप ऊर्जा विभाग द्वारा तैयार किया गया है। विधि विभाग से इसे हरी झंडी मिल चुकी है। अब इसे कैबिनेट में रखा जाएगा। कैबिनेट से पास होने के बाद विधानमंडल के मानसून सत्र में पेश किया जाएगा। विधानमंडल से पास होने के बाद यह कानून का रूप लेगा। इसके बाद नियमावली बनाकर पूरे राज्य में लागू किया जाएगा।

### बिहार में कानून बनाने का कारण

बिहार अब विकसित राज्यों की श्रेणी में आगे बढ़ रहा है। महानगरों की तरह बिहार के विभिन्न इलाकों में मल्टीस्टोरी बिल्डिंग और बड़े शॉपिंग मॉल बन रहे हैं।

### लिफ्ट होती तो पाल होटल में नहीं होतीं मौतें

हाल में पटना जंक्शन के पास पाल होटल में आग लगी थी। इसमें आधा दर्जन से अधिक लोगों की मौत हो गई। होटल लिफ्ट की व्यवस्था नहीं थी। यानी, आपदा के दौरान लोगों को निकालने के वैकल्पिक व्यवस्था नहीं होने सबसे अधिक परेशानी हुई। नई नीति आने के बाद अब सार्वजनिक बिल्डिंगों में सीढ़ी के साथ लिफ्ट लगाना अनिवार्य होगा।

### कंपनी को भी लेना होगा लाइसेंस

अभी बिहार में लिफ्ट नीति नहीं है। इस फिल्ड में पूरी जानकारी नहीं रखने वाले लोगों ने भी कंपनी बना ली है और लिफ्ट लगा रहे हैं, जो लोगों के शेफ्टी के लिए सही नहीं है। नीति बनने के बाद लिफ्ट लगाने वाली कंपनियों को लाइसेंस लेना होगा। इसमें इंजीनियर की भूमिका अहम हो जाएगी। मानकों के हिसाब लिफ्ट और एस्केलेटर लगेगा।

### 10 राज्यों में लिफ्ट नीति लागू

केंद्र सरकार ने भेजा पत्र - केंद्र सरकार ने विकास की श्रेणी में आगे बढ़ने वाले राज्यों को लिफ्ट और एस्केलेटर नीति बनाने और लागू करने के लिए पत्र लिखा है। ताकि, सार्वजनिक स्थलों में आने-जाने वाले लोगों को सुरक्षा मिले।

देश के 10 राज्यों में अभी लिफ्ट नीति लागू है। इनमें दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र, गुजरात, पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल शामिल हैं। वर्तमान कानून के अनुसार चार या उससे ज्यादा मंजिल वाले भवनों में लिफ्ट लगाना अनिवार्य है।

15 मीटर से ऊंची बिल्डिंग में आठ यात्रियों वाली फायर लिफ्ट स्वचालित दरवाजे वाली होनी चाहिए। इसके ऊपर पहुंचने और नीचे आने का समय तक मानक के अनुरूप होनी चाहिए। इसका एनओसी विद्युत निरीक्षक, सहायक विद्युत निरीक्षकों जांच के बाद जारी करते हैं। मानक का उल्लंघन करने पर जुर्माना का भी प्रावधान है।

क्या हैं मानक - इसका फीचर बहुत ही अच्छी क्वालिटी की होनी चाहिए। इसमें ओवर स्पीड गवर्नर और लिमिट स्विच शामिल है। ओवर स्पीड गवर्नर चलने-उतरने की स्पीड निर्धारित करता है। लिमिट स्वीच लिफ्ट के तय स्थान से ऊपर या नीचे जाने पर रोकता है।

मेटेंनेंस जरूरी - लिफ्ट और एस्केलेटर का मेंटेनेंस प्रत्येक महीने जरूरी है। इस दौरान मशीनरी जांच होती है। तीन महीने पर पूरी सर्विस की जाती है। इस दौरान लिफ्ट चलने वाले तार, बिजली के वायर, ग्रिसिंग, वायल आदि की पूरी जांच कर बदला जाता है।

घटना क्यों - लिफ्ट का तार टूटने या फंसने की घटना वैसी जगहों पर होती है जहां मेंटेनेंस मानक के अनुरूप नहीं होता है या फीचर मानक के अनुरूप नहीं लगे हैं।

ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव संजीव हंस का कहना है कि राज्य में लिफ्ट नीति बन रही है। सार्वजनिक स्थलों पर लोगों की शेफ्टी को ध्यान में रखकर नया कानून बन रहा है। इसके लागू होने के बाद लिफ्ट और एस्केलेटर लगाने के लिए अनुमति लेना अनिवार्य होगा। इसकी मॉनिटरिंग होगी।

# बिहार के 16 जिलों में लू का अलर्ट

## मानसून की अब लेट होगी एंट्री



**पटना, एजेंसी।** बिहार में अगले दो से तीन दिनों तक भीषण गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। मौसम विभाग ने प्रदेश के 16 जिलों में भीषण लू चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इसमें बांका, लखीसराय, बेगूसराय, शेखपुरा, नवादा, नालंदा, जहानाबाद, गया, पटना, अरवल, औरंगाबाद रोहतास, कैमूर, बक्सर, और भोजपुर शामिल हैं। इसके अलावा अन्य बचे सभी जिलों में लू चलने को लेकर यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक मानसून 9 दिनों से बंगाल के इस्लामपुर में अटका हुआ है। लिहाजा, बिहार में मानसून की एंट्री देर से हो सकती है।

**उमस ने बढ़ाई लोगों की परेशानी :** मौसम विभाग के अनुसार बिहार के मैदानी भाग के तापमान में इन दोनों इजाफा देखने को मिला है। वहीं, राजस्थान से आने वाली पछुआ हवाओं ने मध्य एवं दक्षिण बिहार का पारा बढ़ा दिया है। पूर्वी भाग में बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी के कारण आर्द्रता बढ़ रही है। इससे उसम के कारण लोग परेशान हो रहे हैं। प्रदेश के 10 जिलों में सामान्य से 6 डिग्री पारा रविवार को अधिक रहा। रविवार को भी पटना समेत प्रदेश के 12 जिले ऐसे रहे जो की भीषण लू की चपेट में रहे। जिसमें पटना, गया शेखपुरा, जमुई, बक्सर, भोजपुर, औरंगाबाद, बांका, नवादा, राजगीर, अरवल और मुंगेर शामिल हैं।

**आने वाले दिनों में कैसा रहेगा मौसम :** 11 जून को राज्य के जमुई, बांका समेत दक्षिण-पश्चिम एवं दक्षिण मध्य भागों के एक या दो स्थानों पर लू के साथ तेज हवा (30-40 किमी प्रति घंटा) की संभावना है। राज्य के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-मध्य, दक्षिण-पूर्व भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना और राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग एवं पटना, गया, नालंदा जिलों के एक या दो स्थानों पर हॉट नाइट की संभावना है। 12 जून को राज्य के दक्षिण-पश्चिम भाग के एक या दो स्थानों पर लू (उष्ण लहर) की संभावना और राज्य के उत्तर-पश्चिम, मध्य एवं दक्षिण-पूर्व भागों के एक या दो स्थानों पर गर्म और आर्द्र दिन रहने की संभावना है।

### बंगाल में अटका मानसून

दक्षिण-पश्चिम मानसून पिछले 9 दिनों से बंगाल के इस्लामपुर में अटका हुआ है। यहां मानसून रुकने के कारण बिहार में भीषण गर्मी देखने को मिल रहा है। विभाग की ओर से यह भी कहा जा रहा है कि बिहार में इसके समय पर आने के असर अब काम ही नजर आ रहे हैं। बिहार में 13 से 15 जून मानसून प्रवेश करने की संभावित तिथि है। पूर्वी भारत से ही बिहार में मानसून प्रवेश करता है।



# मुजफ्फरपुर सांसद राजभूषण निषाद बने केंद्रीय मंत्री,समर्थकों ने रंग गुलाल उड़ा मनाया जश्न

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर संसदीय क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी ने राज भूषण चौधरी निषाद जीत के बाद उन्होंने केन्द्रीय मंत्री बनाया गया है।जिसको को लेकर बोचहा गांव में सहनी समाज लोगो ने रंग गुलाल और मिठाई खिला कर खुशियां मना रहे है।इस दौरान लोगो ने एक सुर में पीएम जिंदावाद के नारे लगाए है।सहनी मौहला ऐसे लग रहा है जैसे एक साथ होली दिवाली माना रहे हो। राज भूषण चौधरी निषाद को केंद्र में मंत्री बनने के खुशी का लहर दौड़ रहा है।सभी ने एक साथ पीएम नरेंद्र मोदी को थैंक्यू कहा है। सहनी समाज के व्यक्ति सरोज सहनी ने बताया की काफी लम्बे समय के बाद सहनी समाज को सम्मन मिला है।बहुत पहले कैप्टन जय नारायण निषाद को केंद्र मंत्री बने थे।जिसके बाद अब एनडीए गठबंधन में मुजफ्फरपुर से सांसद बने निषाद समाज के बेटा की केंद्र में मंत्री बना रहा हैद्व।इससे बड़ी कोई खुशी नहीं हो सकती है।हेमशा से निषाद समाज मोदी के साथ कुछ लोग इधर उधर अब उन्हें भी समझ आ गई।जिनका असर आने वाले विधानसभा चुनाव दिखेगा ।आज के बाद राज भूषण चौधरी निषाद के नेतृत्व वाली सहनी समाज भरोसा करेगी। एसपी सहनी ने बताया कहा अभी तो दो चार दिन यही माहौल रहेगा, जिस तरह से प्रधानमंत्री मोदी ने सहनी समाज को उठाया है।दूसरे बार सहनी समाज से केंद्र मंत्री बने ।हमलोग के लिए गौरव की बात है।इस काम की लेकर प्रधानमंत्री मोदी को दिल से धन्यवाद करते है।

### ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से कच्ची सड़क का कराया निर्माण

**देवरियाकोठी, एजेंसी।** देवरिया क्षेत्र के चांदकेवारी गांव के अल्पसंख्यक टोला में स्थानीय लोगों ने आपसी सहयोग से कच्ची सड़क का निर्माण कराया है, जिसका उद्घाटन मुखिया रीना कुमारी और सरपंच समसा खातून ने संयुक्त रूप से किया। मुखिया ने कहा कि इस सड़क का पक्कीकरण पंचायत की योजना से कराया जाएगा। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सिपाही प्रसाद कुशवाहा, ताहार हुसैन, नसीम मंसूरी, फूलदेव पटेल, केदार कुशवाहा, पंसस अफसाना खातून, विनोद कुशवाहा, मो. ताजूद्दीन, मो. मंजूर मौजूद थे।

# 5 साल की बच्ची से रेप, आरोपी गिरफ्तार, अकेला पाकर घटना को दिया अंजाम

### पीड़िता के पिता बोले-काम को लेकर घर से बाहर गए थे



**अररिया, एजेंसी।** अररिया के भरगामा थाना क्षेत्र के एक गांव में 5 साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना, घटित होने का मामला प्रकाश में आया है। बच्ची बेहोशी की हालत में पाई गई। घटना के बाद से पीड़ित बच्ची के परिजन सदमे में हैं। पीड़ित बच्ची के पिता ने बताया कि आरोपी पूर्णिया जिले के बनमनखी थाना क्षेत्र के मोहनियां गांव निवासी नीरज कुमार पिता चंद्रकांत यादव ने 7 जून शुक्रवार को दिन के करीब 11 बजे उनकी 5 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ उस समय दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। उस समय दोनों पति-पत्नी किसी काम को लेकर घर से बाहर गए हुए थे।

जब दोनों घर लौटे तो आरोपी दोनों को देख घर से भाग गया और उनकी बच्ची खून से लथपथ स्थिति में घर में पड़ी थी। जिसके बाद दोनों उसे इलाज के लिए ग्रामीण चिकित्सक के पास ले गए। बच्ची के होश आने के बाद बच्ची को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल पूर्णिया ले गया। फिलहाल अभी बच्ची का इलाज पूर्णिया के सदर अस्पताल में हीं चल रहा है।

### घर पर नहीं रहने के दौरान वारदात को दिया अंजाम

पीड़िता के पिता ने बताया कि शुक्रवार की सुबह दोनों पति-पत्नी घर से बाहर किसी काम से गया हुए थे। वहीं जब वे दोनों घर वापस लौट रहे थे तो उन्होंने देखा कि भटगामा गांव निवासी जनार्दन यादव का 25 वर्षीय दामाद उसके घर से निकलकर भाग रहा था। इसके बाद जब दोनों अपने घर पहुंचे तो उनकी बेटी खून से लथपथ, बेहोशी की अवस्था में पड़ी है। जिसके बाद वो उसे इलाज के लिए लेकर पहुंचे और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दिया। घटना की जानकारी के बाद फारबिसगंज डीएसपी मुकेश कुमार शाह के नेतृत्व में एक टीम का गठित किया गया। जिसके बाद गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सदर अस्पताल पूर्णिया पहुंचकर बच्ची का हालात को देखते हुए आवश्यक पूछताछ के बाद आरोपी नीरज कुमार पिता चंद्रकांत यादव को पूर्णिया जिले के बनमनखी थाना क्षेत्र के मोहनियां गांव से गिरफ्तार कर लिया।

### आरोपी गिरफ्तार

भरगामा थाना प्रभारी मनीष कुमार ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर महिला थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। वहीं इस संबंध में महिला थाना प्रभारी अंचला कुमारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ महिला थाना में कांड संख्या 31/24 के तहत विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर आगे कार्रवाई की जा रही है। फारबिसगंज डीएसपी मुकेश कुमार शाह ने बताया कि बच्ची से गलत हरकत करने के आरोपी युवक को गिरफ्तार कर रविवार को देर शाम जेल भेज दिया गया है। पुलिस साक्ष्य जुटाकर आरोपी के खिलाफ चार्जशीट लगाएगी, उसे अधिकतम सजा दिलाने का प्रयास होगा।

# दवा दुकान से उच्चको ने दो लोगों से उड़ाए रुपये

चाणक्य भूमि बेतिया



बेतिया के गौशाला मार्केट के नजदीक की दवा दुकान पर खरीदारी करने आये दो ग्राहकों से उच्चको ने इस घटना को अंजाम दिया। हालाँकि दोनों ही ग्राहक बैंक से पैसा निकालकर दवा खरीदने उस दुकान पर आये थे। अनुमान के अनुसार अपराधी बैंक से उनका पीछा कर रहे है यहाँ मौका पाते ही उन्होंने घटना को अंजाम दे दिया।

पहली घटना नौतन थाना क्षेत्र के यादव लाल मुखिया के साथ हुई जो एसबीआई से 80 हजार रुपये की निकासी कर झोला में रख मेडिकल हॉल पर दवा खरीदने आए थे। इसी दौरान किसी ने उनके कुर्ते के पीछे छोला गिरा दिया। इसे देख वे झोला बाइक में लटका कर पानी से कुर्ता साफ करने लगे। कुर्ता साफ करने के बाद जब झोला देखे तो उसमें रखे रुपये गायब थे।

जबकि दूसरी घटना बैरिया थाना क्षेत्र के मनीर अहमद खान के साथ हुई जो बैंक ऑफ़ बड़ौदा से 45 हजार रुपये निकाल कर दवा खरीदने मेडिकल स्टोर पर आए। उन्होंने बताया कि रुपये अपने जेब में रखे थे। दुकान पर काफी भीड़ थी। दवा खरीद कर दुकानदार को कुछ रुपये दे दिए। दुकान से अलग हटे तो देखा कि जेब में रखे 42 हजार रुपये रुपये गायब है।

**• बैंक से पैसा निकालने वालों से अक्सर ऐसी घटना होती है परंतु आज पहली बार में ही दो लोगों को निशाना बनाया गया है हमेशा की तरह पुलिस जाँच में जुटी है**

## प्रतिबंधित कफ सिरप के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

चाणक्यभूमि संवाद सूत्र



नशीली कफ सिरप के साथ एक आरोपी को हरैया ओपी के द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इसकी पुष्टि करते हुए हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि हमे गुप्त सूचना मिली थी कि नशीली कफ सिरप की डिलिवरी होने वाली है। जिसके बाद परेउवा फाटक के पास गश्ती तेज कर दी गई। जाँच के दौरान बाजार के तरफ से आ रहे मोटरसाइकिल की जब जांच की गई तो करीब चार कार्टून में 360 पीस नशीली कफ सिरप पाया गया। गिरफ्तार होने वालों की पहचान रक्सौल के मौजे निवासी दुर्गा साह के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अनुज कुमार ने बताया कि कागजी कार्रवाई कर एनडीपीएस मामले में आरोपी को न्यायिक हिरासत भेजा गया है।

यहां बता दे कि भारत-नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में नशा का कारोबार खूब फल फूल रहा है। युवा वर्ग नशीली दवा के जाल में पड़ते जा रहे है। सीमावर्ती क्षेत्र होने के चलते नेपाल से बड़ी संख्या में युवा वर्ग नशे का सेवन करने रक्सौल आते है। जिससे नशे का कारोबार खूब फल फूल रहा है।

## तीसरी बार मोदी के प्रधानमंत्री बनने पर सीकरीया ने जलाए दीप

चाणक्य भूमि



समाजसेवी उद्योगपति यमुना सीकरीया के द्वारा तीसरी बार मोदी जी को प्रधानमंत्री बनने पर अपने मंदिर कैंपस में समर्थको के साथ दीप प्रज्वलित किया गया एवं मोदी मोमेंटो संग्रहालय में भी दीप प्रज्वलित कर लोगों के बीच में मिठाइयां बांटी गई। इस अवसर पर सीकरीया ने कहा भारत के चुनाव पर विश्व की नजर थी। मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए मैं सभी भारत के जनता जनाद्धन को धन्यवाद देता हूं। लोगों ने भरपूर वोट दिया मोदी जी को और अपना विश्वास कायम रखा।अब वह दिन दूर नहीं कि भारत विश्व गुरु बनेगा और विश्व का मार्गदर्शन करेगा।भारत को विकसित देश बनाने का सपना पूरा होगा। इस अवसर पर सुधीर शुक्ला, शैल जैन, विकास कुमार,अनिल प्रसाद, अभय कृष्णा एवं केशव सिंघानिया उपस्थित थे।




# स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने के लिए मरीजों का लगा रहा भीड़

चाणक्यभुमि



**योगापट्टी।** योगापट्टी प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने के लिए मरीजों की भीड़ लगी रही | इलाज कराने के लिए महिला और पुरुष क्रमबध पर्ची कटाने के लिए अपनी अपनी कतार में खड़े रहे |मरीजों में इलाज के लिए ज्यादातर महिलाये आयी हुई थी | पर्ची लेने बाद मरीज डाक्टर साहब के पास इसी प्रकार क्रमांनुसार जाकर अपनी बीमारी बता कर और अपनी जांच कराकर इलाज कराया | आने वाले मरीजों ने बताया कि अभी अस्पताल में अच्छे से इलाज किया जा रहा हैं इसलिय भीड़ लग रहा हैं, बिशेष करके मिहिलाओ के प्रेग्नेंसी की जांच हो रही हैं जच्चा बच्चा पर डाक्टर ध्यान देकर इलाज कर रहे हैं |अस्पताल के प्रभारी डाक्टर अब्दुल गन्नी ने बताया की तापमान बढ़ने के कारण मरीजों की संख्या बढ़ रही हैं, गर्मी के वजह से कितनी प्रकार की बीमारिओ का प्रकोप बढ़ता चला जा रहा हैं, लोगो से हमारा कहना हैं कि लोग गर्मी से बचे और अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दे |

# सतीश दुबे बने खनन एवं कोयला विभाग के राज्य मंत्री

चाणक्यभूमि बगहा



भाजपा संगठन जिला बगहा द्वारा आईटी सेल के प्रदेश सह संयोजक सोमेश पांडेय के द्वारा पटखौली अपने आवास पर भाजपा संगठन जिला बगहा के कार्यकर्ताओ ने एकत्रित होकर सतीश चन्द्र दुबे को खनन एवं कोयला विभाग के राज्यमंत्री

बनाए जाने के उपलक्ष में बधाई एवं शुभकामना दिया। इस कार्यक्रम के आयोजक श्री सोमेश पांडेय ने सभी कार्यकर्ताओ को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। सभी कार्यकर्ताओ ने केंद्रीय नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। वहीं मंत्री श्री सतीश चन्द्र दुबे को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामना दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी हृदया दुबे,जिला महामंत्री सुजीत चौरसिया,जिला कार्यालय प्रभारी अमित पांडेय, आईटी सेल के सह संयोजक दुर्गेश पांडेय,युवा मोर्चा के जिला प्रवक्ता अवधेश गुप्ता,मुकेश द्विवेदी,रोहित चौधरी, कला संस्कृति प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक संदीप तिवारी,रौशन मिश्रा,पूर्व मुखिया नीरज पांडेय,रिंकू पांडेय,प्रभाकर पांडेय समेत अन्य कार्यकर्ताओ मौजुद रहें।

**• सतीश चंद्र दुबे को खनन एवं कोयला विभाग के राज्य मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर की खुशी जाहिर**




## 15 जून को समाप्त होगा वीटीआर का पर्यटन सत्र

चाणक्यभूमि बेतिया

बाघों की दहाड़ व हिरणों के कुलाचों को लेकर देश-विदेश में अपनी पहचान बना चुके वीटीआर सैलानियों के आवागमन से गुलजार है। भीषण गर्मी के बावजूद वीटीआर में सैलानियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। 15 जून को वीटीआर का पर्यटन सत्र समाप्त होने जा रहा है उससे पहले जंगल सफारी के इरादे से यहां राज्य के अलग-अलग हिस्सों से पर्यटक पहुंच रहे हैं। हालांकि बुकिंग की स्थिति फिलहाल सामान्य ही है।

आपकों बता दें कि 1994 में वन्यजीव अभयारण्य के रूप में वाल्मीकि टाइगर रिजर्व स्थापित किया गया था। चारो ओर फैली प्राकृतिक हरियाली, ऊंचे वृक्षों की छाया और गंडक नदी के शांत जलाशय में पहाड़ का प्रतिबिंब सैनालियों को सुकून देता है। जंगल सफारी के दौरान इस बीच पर्यटकों को बाघ के दीदार भी हो जाते है।

टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र सम्पन्न होने में लगभग एक माह ही शेष रह गए हैं। 15 जून को पर्यटन सत्र सम्पन्न हो जाएगा। ऐसे में टाइगर रिजर्व में आने वाले पर्यटकों की संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है।

पर्यटन सत्र के अंतिम दौर में पर्यटन स्थलों पर इन दिनों गर्मी से राहत पाने के लिए पर्यटक पहुंच रहे हैं।

**• भीषण गर्मी के बावजूद वीटीआर में लगातार बढ़ रही है सैलानियों की संख्या वाल्मीकि टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र आसमान की बुलंदियो को छुते हुए इस सत्र के समापन की कगार पर आ खड़ा हुआ है**

# आधार कार्ड को लेकर आधार सेंटर पर उमड़ी भीड़

चाणक्यभूमि



**गौनाहा।** प्रखंड कार्यालय परिसर मे आधार कार्ड बनवाने व सुधरवाने के लिए आधार सेंटर पर कई दिनों से लोगों की भीड़ उमड़ रही है। आधार सेंटर पर सुबह 8 बजे से ही लोगो की लंबी कतारें लगनी शुरू हो जा रही है । कड़ाके की गर्मी के बावजूद भी लोग धुप मे खड़ा होने के लिएमजबूर है। नया आधार कार्ड बनवाने तथा आधार कार्ड मे नाम, पिता या पति का नाम, पता या जन्म तिथि सुधरवाने के लिए लोगों को अपनी नम्बर मिलने का इंतजार करना पड़ता है। वहीं आधार कार्ड सुधरवाने आए बेलसंडी गांव के हनीफ अंसारी ने बताया है कि अपने बेटी की आधार कार्ड का फिंगर अपडेट कराने के लिए दो घंटो से बैठा हूं। लेकिन अभी तक मेरा नंबर नहीं आया है। वहीं, कला पकड़ी गांव से आए शम्भू मांझी ने बताया है कि बच्चा का फिंगर अपडेट और जन्मतिथि सुधरवाने को लेकर पिछले दो दिनों से चक्कर काट रहा हुँ लेकिन दो घंटे से कतार मे खड़ा होकर अपने बारी का इंतजार कर रहा हुँ । इस संबंध में आधार सेंटर के संचालक विक्की कुमार ने बताया कि नया आधार कार्ड बनवाने से ज्यादा आधार कार्ड अपडेट और जन्म तिथि सुधरवाने को लेकर लोगों की भीड़ रहती है। पिछले दिनों ऐसी भीड़ नहीं थी। राशन कार्ड में फिंगर नहीं ले रहा है। इस लिए ऐसी भीड़ देखने को मिल रही है। उन्होंने बताया कि कई ऐसा मामला आया है कि आधार कार्ड पर पहले जन्म तिथि की सुधार करवाया गया था फिर से जन्म तिथि सुधरवाने को लेकर लोग आते रहते हैं। ऐसे लोगों को आधार सेंटर से लेकर पटना यूआईडी ऑफिस तक चक्कर लगाना पड़ता है।

**• आधार कार्ड बनवाने व सुधरवाने के लिए लोग कई दिनों से लगा रहे चक्कर**

## दस लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक गिरफ्तार



चाणक्यभूमि मैनाटांड

प्रखंड क्षेत्र के भंगहा पुलिस ने रविवार को गस्ती के दौरान एक व्यक्ति को दस लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भंगहा थाना अध्यक्ष राहुल प्रसाद मांझी ने बताया की सिसवा ताजपुर से एक व्यक्ति को दस लीटर देशी चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वक्ति की पहचान सुखाडी मियाँ साकिन कोटवा निवासी के रूप में किया गया है। जिसें प्राथमिकी दर्ज़ कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।










## ट्रैक्टर ने बाइक सवार को रौंदा पत्नी की मौके पर हुई मौत

चाणक्यभूमि बेतिया

बेतिया मोतिहारी नेशनल हाईवे पर बारी टोला के नजदीक बेकाबू ट्रैक्टर ने बाइक सवार पति-पत्नी को रौंद दिया जिससे मौके पर ही पत्नी की मौत हो गई है जबकि घायल पति का ईलाज GMCH में चल रहा है।

मृतका की पहचान मझौलिया थाना क्षेत्र के रतनमाला निवासी रविंद्र राय की (45 साल) पत्नी विभा राय के रूप में की गई है। पति-पत्नी बाइक से अपने पैतृक गांव मझौलिया थाना क्षेत्र के रतनमाला गांव जा रहे थे। इसी दौरान बारी टोला के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बेकाबू ट्रैक्टर की चपेट में आ गए।

## तीन वारंटी को पुलिस ने भेजा जेल

चाणक्या भूमि मैनाटांड़

मैनाटांड प्रखंड के इनरवा पुलिस ने रविवार को छापामारी कर तीन वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।इनरवा थाना अध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया की तीन व्यक्ति के खिलाफ न्यायलय के द्वारा वारंट निर्गत किया गया था जिसके आधार पर तीनो व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार वक्ति की पहचान योगेंद्र राम दूसरा अभिउक्त छोटेलाल राम तीसरा अभिउक्त विनोद राम तीनों साकिन पिंडारी निवासी के रूप में किया गया है। जिसें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

## डायल 112 की पुलिस कर्मियों को घंटों बनाया बंधक

चाणक्यभूमि बगहा

डायल 112 की पुलिसकर्मियों के साथ दुव्यवहार करते हुए घंटों बंधक बनाया गया। पुलिस कर्मियों के बंधक बनाने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची शिकारपुर थाने की पुलिस ने बंधक बने डायल 112 की पुलिस को मुक्त कराया। इस संबंध में डायल 112 की गाड़ी पर तैनात पीटीसी ज्योति कुमारी ने रामनगर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इसमें बभनी दिउलिया निवासी राजकपूर यादव, विनोद यादव, महंथ यादव और घोनी यादव के साथ अन्य अज्ञात 20 लोगों को नामजद किया गया है। दर्ज प्राथमिकी में बताया है कि शनिवार की रात सूचना मिली कि रामनगर थाना क्षेत्र के बेलवा मोकरी सुरेंद्र यादव द्वारा लगाए गए पेड़ को काटा जा रहा है। इसके बाद सिपाही जय प्रकाश सिंह और अन्य कर्मियों को लेकर बभनी दिउलिया गांव पहुंचे, जहां गांव से उत्तर बगीचा में आरोपितों ने सभी पुलिस कर्मियों को घेर सभी पुलिस कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने के बाद बंधक बना लिया गया। मामले में रामनगर थानाध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। बता दें कि बभनी दिउलिया गांव शिकारपुर थाना के बॉर्डर से सटा हुआ है। जिसके बाद शिकारपुर की डायल 112 की पुलिस वहां पहुंची थी।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714